समाचार

महापौर ने स्लैब हटवाकर लिया नालियों की स्वच्छता का जायजा, मानदण्डों के अनुसार सफाई के दिए निर्देश

(वार्ड क्र. 01, 02 एवं 23 का भ्रमण कर स्वच्छता कार्यो का किया निरीक्षण महापौर ने)

कोरबा 20 फरवरी 2023 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज अधिकारियों के साथ निगम के वार्ड क्र. 01, 02 एवं 23 का भ्रमण किया, उन्होने स्वच्छता कार्यो का निरीक्षण किया, वार्डवासियों से भेंट की, उनकी समस्याओं का जाना तथा नियमित रूप से साफ–सफाई करने, कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन करने व सफाई कार्यो को और अधिक बेहतर बनाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने नालियों के स्लैब हटवाकर जायजा भी लिया कि नालियों में कचरे का जमाव तो नहीं है तथा इसके कारण पानी के बहाव में अवरोध तो उपस्थित नहीं हो रहा है।

महापौर श्री प्रसाद नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 01 लक्ष्मीनारायण मंदिर, वार्ड क्र. 02 लालूराम कालोनी, नया बस स्टैण्ड, प्रेस काम्पलेक्स टी.पी.नगर एवं वार्ड क्र. 23 रविशंकर नगर कपिलेश्वर मंदिर स्थित विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों का अधिकारियों के साथ भ्रमण किया। इस दौरान उन्होने वार्ड के नागरिकों से भेंट की, उनकी समस्याओं को जाना तथा निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर श्री प्रसाद ने बस्तियों में निगम द्वारा कराए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया, नालियों का अवलोकन किया तथा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप नियमित रूप से साफ–सफाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि नालियों में कचरे का जमाव न हों, पानी का प्रवाह

अवरूद्ध न हो, इस हेतु नालियों की नियमित सफाई की जाए। महापौर श्री प्रसाद ने बस्तियों, कालोनियों की विभिन्न नालियों के ऊपर ढकी स्लैब को उठवाकर नालियों की स्वच्छता का जायजा लिया कि ढकी नालियों में कहीं कचरे का जमाव तो नहीं है तथा पानी के बहाव में अवरोध तो उत्पन्न नहीं हो रहा है। उन्होने कहा कि सफाई कार्यो के दौरान उत्सर्जित कचरे व मलवे का स्थल से तुरंत उठाव करते हुए उसका परिवहन सुनिश्चित कराया जाए ताकि उत्सर्जित कचरा स्थल पर ज्यादा देर तक पड़ा न रहे। महापौर श्री प्रसाद ने वार्डो के नागरिकों से भेंट की, उनकी संबंधी आवश्यकताओं के साथ–साथ साफ–सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट व्यवस्था आदि पर चर्चा की तथा इनसे संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उन्हें तुरंत अवगत कराने का आग्रह किया तथा समस्याओं के यथा समय निराकरण के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

भ्रमण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर एवं प्रदीप जायसवाल, पार्षद अब्दुल रहमान, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, वार्डो के नागरिकगण उपस्थित थे।